लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं .3775

11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

कच्चा माल आपूर्ति योजना

3775. **श्री जी. सेल्वमः**

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तमिलनाडु में हथकरघा बुनकरों और कारीगरों के लिए लागू की जा रही कच्चा माल आपूर्ति योजना का ब्यौरा क्या है और पिछले पांच वर्षों के दौरान आपूर्ति किए गए सूत और अन्य कच्चे माल की जिला-वार मात्रा कितनी है,

(घ) तमिलनाडु में इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित हुए हथकरघा बुनकरों, सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों और उत्पादक संगठनों का ब्यौरा क्या है और संख्या कितनी है,

(ग) क्या सरकार को सूती धागे, रेशमी धागे और रंगों की बढ़ती कीमतों और अपर्याप्त उपलब्धता के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जो हमकरभा क्लस्टरों को प्रभावित कर रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है,

(घ) इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु को जारी की गई सब्सिडी और वित्तीय सहायता की राशि का ब्यौरा क्या है, और

(ङ) गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और तमिलनाडु के हथकरघा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा(

(क): हथकरघा कामगारों को उचित कीमत पर यार्न उपलब्ध कराने के लिए तमिलनाडु सहित पूरे देश में कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) कार्यान्वित की जा रही है। आरएमएसएस के तहत, सभी प्रकार के यार्न के लिए मालभाड़े के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाती है और कॉटन हैंक यार्न, घरेलू सिल्क, ऊन, लिनन और प्राकृतिक फाइबर से बने मिश्रित यार्न पर 15% की मूल्य सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। तमिलनाडु में पिछले पांच वर्षों के दौरान बुनकरों को 516.56 लाख किलोग्राम यार्न की आपूर्ति की गई है।

(ख): तमिलनाडु राज्य में आरएमएसएस के तहत यार्न पासबुक के माध्यम से 95,884 हथकरघों को कवर किया गया है; इसमें राज्य की 816 सहकारी समितियां, शून्य स्वयं-सहायता समूह, 21 उत्पादक संगठन शामिल हैं, जिन्हें आरएमएसएस के तहत लाभ मिला है।

(ग): ऐसा कोई भी प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ): आरएमएसएस के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु को 251.28 करोड़ रुपये की सब्सिडी और वित्तीय सहायता जारी की गई है।

(ङ): तमिलनाडु के हथकरघा क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने और अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोयंबटूर में 01 क्षेत्रीय कार्यालय, 5 शाखा कार्यालय, 170 यार्न डिपो और 2 वेयरहाउस हैं।

*****